हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 3 नवंबर 2025

12 गांव मानकपुर व तामसपुरा में नशा पीड़ितों की काउंसलिंग की...



12 धूमधाम से मनाया जाएगा श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस...



## खबर संक्षेप

### वार्ड नं. 14 में स्ट्रीट लाइट लगवाने का काम शुरू

**रतिया।** शहर के वार्ड नं. 14 राम नगर कॉलोनी में लाइट व पोल लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस कार्य के पूरा होने से वार्ड की खूबसूरती बढ़ेगी और इलाका पूरी तरह रोशन हो जाएगा। पार्षद गुरप्रीत गोपी ने बताया कि यह लाइटें वार्ड की लिमिट तक लगाई जाएंगी ताकि हर गली, हर मोड़ जगमग हो सके। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वार्ड में विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। छोटी नहर के पार लगभग 1.5 करोड़ रुपये की लागत से चल रहा निर्माण कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रह है।

### ऑनलाइन ठगी मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एक लाख की ऑनलाइन ठगी प्रकरण में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अशोक सिंह राजपूत पुत्र प्रेम सिंह निवासी कागल भुड़ाना, जोधपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना साइबर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि शिकायतकर्ता जसप्रीत सिंह पुत्र खुशी राम निवासी तहसील रतिया की ऑनलाइन शिकायत पर 13 नवम्बर 2024 को दर्ज करवाई गई थी।

### दहेज उत्पीड़न मामले में पति व सास काबू

**फतेहाबाद।** महिलाओं के प्रति अपराधों पर कड़ी कार्रवाई के तहत थाना शहर रतिया पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर दहेज उत्पीडन के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान परमजीत कौर पत्नी मिठू सिंह व गुरसेवक पुत्र मिठू सिंह निवासी गांव छोटियां, जिला संगरूर के रूप में हुई है।

### युवक को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान शहर के रेलवे फाटक क्षेत्र से एक युवक को आठ ग्राम 360 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी प्रभारी डबवाली सूबे सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपक के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान रेलवे फाटक क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान फाटक की तरफ से एक युवक आता दिखाई दिया पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर लिया।

### किसानों की समस्याओं को लेकर इनेलो का धरना आज

**सिरसा।** जिले में किसानों की समस्याओं के प्रति सरकार की उदासीनता को लेकर इनेलो 3 नवंबर को उपायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी। इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा के नेतृत्व में दिए जाने वाले इस धरने के दौरान उपायुक्त सिरसा को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों हुई बरसात का पानी अभी तक भी खेतों में जमा है जिसकी निकासी का कोई प्रबंध अभी तक नहीं किया गया है और न ही बाढ़, बरसात में खराब हुई फसलों का गिरदावरी कर उचित मुआवजा ही किसानों को दिया है।

### हत्या का प्रयास व जान की धमकी देने वाला काबू

**डबवाली।** पुलिस ने देसूजोधा में रास्ता रोककर मारपीट करने, हत्या का प्रयास करने व जान से मारने की धमकी देने की वारदात में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मनिन्दर सिंह उर्फ मनी पुत्र अंग्रेज सिंह निवासी देसूजोधा के रूप में हुई है। देसूजोधा चौकी प्रभारी जगपाल सिंह ने बताया कि मोहन सिंह पुत्र नायब सिंह निवासी देसूजोधा के बयान पर कि आरोपियों द्वारा कुछ दिन पहले उसके भतीजे गुरलाल सिंह को फोन करके गाली गलोच किया।

## टेंडर को अभी तक नहीं मिली स्वीकृति
# 45 एकड़ में प्रस्तावित स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम प्रोजेक्ट अधर में लटका

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

पिछले 4 सालों से जलभराव से जर्जर हुई अशोक नगर से माजरा रोड की सड़क पर खड़े पानी की निकासी के लिए प्रस्तावित स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम प्रोजेक्ट सिरे चढ़ता नजर नहीं आ रहा है। पब्लिक हैल्थ विभाग ने मुख्यालय से अस्टीमेट बनाकर इसकी अप्रूवल ली थी। अप्रूवल के बाद नगरपरिषद ने जनस्वास्थ्य विभाग को 1 करोड़ 7 लाख की राशि ट्रांसफर कर दी गई लेकिन प्रोजेक्ट के अंतिम चरण में टेंडर न होने से पूरा प्रोजेक्ट एक साल से अधर में लटक गया है। अधिकारियों का मानना है कि मुख्यालय से स्वीकृति न मिलने से फिलहाल इस प्रोजेक्ट बारे कुछ नहीं कहा जा सकता। बता दें कि प्रस्तावित प्रोजेक्ट के तहत चिल्ली व माजरा रोड रकबे में पड़ने वाली निचले एरिया की 45 एकड़ जमीन का पानी इस स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम में डाला जाना है। डिस्पोजल से पानी सीधा रंगोई नाले में डाला जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 1 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत आनी है। इस टेंडर को पब्लिक हेल्थ मुख्यलाय से अपूरवल मिल गई थी, जिसके बाद नगरपरिषद ने 1 करोड़ 7 लाख की राशि पब्लिक हैल्थ को ट्रांसफर भी कर दी लेकिन इसको लेकर अब टेंडर सिरे नहीं चढ़ पा रहा है। पब्लिक हेल्थ विभाग ने अस्टीमेट बनाकर विभाग को भेज दिया, जिसके अनुसार लंबे समय से इस सड़क का निर्माण हो जाएगा व 20 गांवों का आवागमन भी सुगम होगा। अस्टीमेट के अनुसार माजरा रोड व चिल्ली क्षेत्र के निचले एरिया की 45 एकड़ भूमि का पानी इसी डिस्पोजल में आएगा। यह पानी पहले से रंगोई को जा रही पाइप के माध्यम से रंगोई नाले में डाला जाएगा। टेंक से पम्पिंग करके इस पानी को रंगोई नाले तक पहुंचाया जाएगा। बता दें कि अभी इस सड़क पर जलभराव होने से इन 20 गांवों के लोग नेशनल हाइवे से ऊपर करीब 18 किलोमीटर लंबा सफर तय करके अपने गांव पहुंचते हैं।

**4 सालों से जलभराव से जर्जर हुई अशोक नगर से माजरा रोड की सड़क**



फतेहाबाद। अशोक नगर में बदहाल सड़क पर भरा गंदा पानी।

### मंजूरी के बाद होगा काम शुरू

अशोक नगर से माजरा जाने वाली सड़क पर कुछ कारणों से पानी खड़ा रहता है। यह काम नगरपरिषद का है लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग ने समस्या के निजात के लिए स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम बनाने का निर्णय लिया था। इसकी मुख्यालय से स्वीकृति मिल चुकी है। नगरपरिषद ने इसकी राशि भी विभाग को ट्रांसफर कर दी थी लेकिन मुख्यालय से टेंडर को अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है, जिस कारण अभी काम शुरू नहीं हो पाया है। टेंडर को मंजूर मिलने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। प्रोजेक्ट के तहत माजरा रोड की पानी निकासी के लिए डिस्पोजल टेंक बनाया जाएगा, जिसमें चिल्ली क्षेत्र व माजरा रोड की 45 एकड़ जमीन का पानी डिस्पोजल टेंक में डाला जाएगा। तब इस सडक़ पर पानी का भराव नहीं होगा।

### एनएस 9 से होते हुए 20 गांवों से लगती सड़क

फतेहाबाद के अशोक नगर से माजरा रोड वाया नेशनल हाइवे-9 को जाने वाली सडक़ पिछले 3 सालों से उखड़ी हुई है। यहां पर बरसाती पानी का भराव हो रखा है। यह सडक़ नेशनल हाइवे 9 से होते हुए 20 गांवों को लगती है। इनमें गांव काताखेड़ी, भिरड़ाना, माजरा, बीसला, सुखलमपुर आदि पड़ते हैं। लोक निर्माण विभाग ने इस सडक़ को बनाने के लिए इसे उखाड़ दिया लेकिन मानसून का सीजन शुरू होने से यहां जलभराव हो गया। फिर क्या था, लोक निर्माण विभाग व जनस्वास्थ्य विभाग सडक़ की जिम्मेवारी एक-दूसरे पर डालने लगे। जनस्वास्थ्य विभाग का कहना है कि सडक़ लोक निर्माण विभाग बनाएगा वहीं लोक निर्माण विभाग का कहना था कि जनस्वास्थ्य विभाग की पाइप लीकेज के कारण सडक़ पर पानी भरता है। इतना ही नहीं, इस मुद्दे से नगरपरिषद ने भी पूरी तरह आंखें फेर रखी थी। आखिर 3 साल बाद मामला कष्ट निवारण समिति की बैठक में उठा तो जिला प्रशासन ने इस समस्या को हल करने के लिए पब्लिक हैल्थ मुख्यालय को अस्टीमेट भेजा जोकि मंजूर हो गया है। अस्टीमेट के अनुसार यहां बरसाती पानी निकासी के लिए 30 बाई 9 फुट का स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण किया जाएगा। इस पर 1 करोड़ 27 लाख की लागत आएगी जोकि नगरपरिषद द्वारा अदा की जाएगी।

## लाखों रुपये की 42 ग्राम हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार



सिरसा। हेरोइन के साथ पकड़े गए तस्कर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने जिले के गांव पनिहारी क्षेत्र से दो युवकों को लाखों रुपए की करीब 42 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेन्द्र कुमार ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान लखबीर सिंह उर्फ अमन पुत्र गुरनाम सिंह व अमनदीप उर्फ अमन पुत्र राज सिंह निवासी गांव पनिहारी जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव पनिहारी क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान गांव पनिहारी की गली में से दो नौजवान युवक आते हुए दिखाई दिए जो कि सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें काबू कर लिया और तलाशी ली तो लखबीर के कब्जे से 26 ग्राम 90 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई, जबकि अमनदीप की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 15 ग्राम 20 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। दोनों युवकों के कब्जे से 42 ग्राम 10 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। सेल प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने हेरोइन को कब्जे में लेकर गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

**चेकिंग के दौरान गांव पनिहारी में युवकों को दबोचा**

### पूछताछ जारी

*राजेंद्र कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में उक्त युवकों ने बताया कि यह हेरोइन पंजाब फिरोजपुर क्षेत्र से लेकर आए थे और इसे सिरसा व आसपास के गांव में सप्लाई करने की फिराक में थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर हैरोइन तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।*

## 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' को कामयाब बनाने में सीपीएलओ निभा रहे अहम भूमिका



फतेहाबाद। 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करते सीपीएलओ।

- जिले में गांव स्तर पर विशेष कैंप लगाकर महिलाओं का नि:शुल्क किया जा रहा पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' को जिले में कामयाब बनाने में हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर यानि सीपीएलओ अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस योजना के तहत महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए सीपीएलओ द्वारा जिलेभर में ग्राम स्तर पर विशेष कैम्प आयोजित किए गए ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सके। रजिस्ट्रेशन के अलावा इन कैम्पों में पात्र महिलाओं को योजना बारे विस्तार से जानकारी भी दी जा रही है। सीपीएलओ के ही प्रयासों का परिणाम है कि जिले में हजारों महिलाओं को सरकार द्वारा योजना के तहत पहली किस्त जारी कर दी गई है।

### पात्रों के दस्तावेज जांचे जा रहे


सीपीएलओ कैंपों में पात्र महिलाओं के दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं ताकि कोई भी महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि कई बार दस्तावेजों खासकर परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों के कारण महिलाओं को पंजीकरण में कठिनाई हो रही है, इन त्रुटियों को दुरूस्त करने के लिए महिलाओं की सहायता की जा रही है। जिला प्रधान सुरेश कुमार व सचिव प्रवीण ने पात्र महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वह योजना का लाभ लेने के लिए उनके गांव में लगने वाले कैम्पों में पहुंचकर नि:शुल्क अपना पंजीकरण करवाएं।

## पुलिस कर्मचारियों ने थानों में चलाया सफाई और सौंदर्यीकरण अभियान

- अभियान के चलते थानों की छवि पूरी तरह बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

यदि हम स्वयं स्वच्छ हैं, तभी समाज को स्वच्छ और सशक्त बना सकते हैं। इसी सोच को साकार करते हुए फतेहाबाद पुलिस द्वारा स्वच्छ थाना-चौकी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में शुरू हुआ यह अभियान अब जिले में एक नई परंपरा का रूप ले चुका है। हर रविवार पुलिस थानों और चौकियों में नियमित रूप से सफाई, रंगाई-पुताई, पौधरोपण और सौंदर्यीकरण की गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। यह पहल अब केवल एक साफ-सफाई का कार्य नहीं रही, बल्कि थाने को सेवा और विश्वास का केंद्र बनाने की दिशा में एक ठोस कदम बन चुकी है। इस रविवार को पुलिस कर्मचारी थानों में सफाई करते नजर आए। इस अभियान के चलते अब जिले के थानों की छवि पूरी तरह बदल चुकी है। जहाँ कभी आम नागरिक झिझक के साथ थाने आता था, वहीं आज साफ-सुथरे परिसर, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, और बैठने की सुविधाएँ नागरिकों को सम्मान और सुरक्षा की भावना देती हैं।



फतेहाबाद। थानों में सफाई अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

### स्वच्छता मानसिक-सामाजिक स्तर पर भी जरूरी: एसपी

*एसपी सिद्धांत जैन का कहना है कि स्वच्छता केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी आवश्यक है। जब हम अपने कार्यस्थल को स्वच्छ और रोशन रखते हैं, तो सेवा में नई ऊर्जा और विश्वास स्वतः जुड़ जाते हैं। इस अभियान की सबसे प्रेरक बात यह है कि इसमें पद और रैंक की कोई दीवार नहीं है। एसएचओ से लेकर सिपाही तक, हर पुलिसकर्मी एक साथ झाड़ू उठाता है, दीवारें रंगता है, पौधे लगाता है, यही टीम भावना और अनुशासन पुलिस की कार्यसंस्कृति को नया रूप दे रहे हैं। एसपी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल साफ-सुथरे थाने बनाना नहीं, बल्कि साफ नियत, पारदर्शिता और सेवा भाव को भी बढ़ावा देना है।*

## स्नेचिंग की घटना को चंद घंटों में सुलझाया



सिरसा। पकड़ा गया छीना-झपटी का आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस ने गांव गंगा क्षेत्र में हुई स्नेचिंग की घटना को चंद घटों में सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छीनी गई नकदी व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है। गोरीवाला पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान गुरभिंद्र सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अतुल पुत्र राजेंद्र निवासी गंगा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। शिकायत में अतुल ने बताया कि वह बीती एक नवम्बर को जंडवाला रोड गैस एजेंसी से गांव गंगा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार व्यक्ति ने उसकी जेब से करीब 1200 रुपये छीन लिए और मौके से फरार हो गया। शियकत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आज आरोपी गुरभिंद्र को गांव गंगा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और गहनत पूछताछ कर अन्य छीना-झपटी की घटनाओं के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी।

- बाइक सवार व्यक्ति से छीने थे 1200 रुपये

## भक्तों के कल्याण के लिए हर युग में आते हैं प्रभु : पुरुषोतम शास्त्री

- श्री रघुनाथ मंदिर में रामचरितमानस पाठ के चौथे दिन झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

अनाज मंडी स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में 7 दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चौथे दिन कथावाचक पंडित पुरुषोत्तम शास्त्री ने कहा कि भक्तों के कल्याण के लिए प्रभु हर युग में आते हैं और त्रेता युग में प्रभु ने श्रीराम के रूप में अवतार लिया है। उन्होंने कहा कि भगवान ने अपने अंशो सहित राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न सहित विभिन्न देवी देवताओं के साथ अवतार लिया व पाप का अंत किया। शास्त्री जी ने श्रीराम द्वारा तडक़ा वध सहित मारीच व सुबाहू वध की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु ने विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा की है तथा इसके साथ ही ऋषियों मुनियों के यज्ञ को विध्वंस करने वाले राक्षसों का एक ही बाण में संहार कर दिया।



रतिया। रामचरितमानस पाठ करते कथावाचक पंडित पुरुषोत्तम शास्त्री।

### विधि-विधान से की पूजा

रविवार को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व श्री रामचरितमानस पाठ समारोह के दूसरे दिन पंजाबी सभा अध्यक्ष सतीश हांडा व विन्नी वधवा के परिवार द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ बनारस से आए आचार्य पंडित दया शंकर पांडे की टीम द्वारा अनाधिवास व धनाधिवास द्वारा पूजा अर्चना की गई। प्रोजेक्ट प्रभारी व मंदिर कमेटी उपाध्यक्ष श्याम आनंद ने बताया कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा 5 नवंबर तक पूरी विधि विधान से आयोजित की जाएगी।

**सावधान** फतेहाबाद पुलिस की एडवाइजरी, सतर्क रहें, क्लिक करने से पहले सोचें

# शादी के सीजन में साइबर ठगों की नई चाल शादी के निमंत्रण की एपीके फाइल से कर रहे ठगी

**ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद।



फतेहाबाद। एसपी सिद्धांत जैन।


- नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवार को साइबर जाल से बचाएं

शादी का सीजन शुरू होते ही जहां हर घर में खुशियों और रिश्तों की रौनक है, वहीं साइबर ठगों ने अब लोगों को ठगने का एक नया तरीका खोज लिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिलेवासियों को आगाह करते हुए कहा है कि हाल ही में देशभर में साइबर अपराधियों द्वारा शादी के निमंत्रण पत्र के नाम पर फर्जी एपीके फाइलें भेजकर ठगी करने के कई मामले सामने आए हैं। साइबर ठग सोशल मीडिया, व्हाट्सएप या ईमेल के माध्यम से लोगों को शादी के निमंत्रण का लिंक या एपीके फाइल भेजते हैं। संदेश में लिखा होता है, हमारे परिवार की शादी में सादर आमंत्रण, कृपया कार्ड देखने के लिए लिंक पर क्लिक करें या शादी का कार्ड देखने के लिए इस ऐप को इंस्टॉल करें। जैसे ही कोई व्यक्ति इस एपीके फाइल को अपने फोन में डाउनलोड करता है, यह उसके फोन का पूरा एक्सेस साइबर अपराधियों को दे देती है। इसके बाद ठग बैंकिंग एप्लिकेशन, यूपीआई, वॉलेट्स और ओटीपी तक पहुंच बना लेते हैं और कुछ ही मिनटों में पीड़ित के बैंक खाते से राशि गायब हो जाती है।

ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि शादी का मौसम खुशियों का प्रतीक है, लेकिन एक छोटी-सी लापरवाही बड़ी परेशानी में बदल सकती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवार, विशेषकर बुजुर्गों और युवाओं को ऐसे साइबर जाल से बचने के लिए जागरूक करें।

### गूगल प्ले स्टोर के अलावा कही से एप डाउनलोड न करें

एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी अनजान लिंक या एपीके फाइल को अपने फोन में डाउनलोड न करें, चाहे वह शादी का कार्ड, गिफ्ट वाउचर या बैंक अपडेट के नाम पर ही क्यों न हो। साइबर ठग अब भावनाओं का फायदा उठाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस दौर में सजगता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। साइबर अपराधी अब नए-नए तरीकों से लोगों की जिज्ञासा और भावनाओं का शिकार बना रहे हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहना चाहिए। फतेहाबाद पुलिस ने नागरिकों को सलाह दी है कि किसी अज्ञात स्रोत से प्राप्त लिंक या एपीके फाइल को कभी डाउनलोड न करें। शादी का निमंत्रण पत्र केवल विश्वसनीय परिचितों से प्राप्त होने पर ही खोलें। गूगल प्ले स्टोर के अलावा किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें। अपने फोन में हमेशा एंटीवायरस और सिक्योरिटी अपडेट्स सक्रिय रखें। संदिग्ध लिंक या संदेश मिलते ही उसे डिलीट करें और फॉरवर्ड न करें। किसी से भी ओटीपी या बैंकिंग जानकारी साझा न करें।



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

लाइफ Style

# किआरा

## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई



किआरा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में किआरा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।


पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और किआरा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, किआरा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी किआरा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि किआरा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्सः एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यूनः पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।




# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी'का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।



# किंग का टाइटल रिवील शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग'का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज़ होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज़ में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



### पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन'इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ'में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ'बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैमब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।



## खबर संक्षेप

### नृत्य नाटिका देखकर भावविभोर हुए दर्शक

**हिसार।** मां संतोषी आश्रम के दस दिवसीय रजत जयंती समारोह में 108 श्रीमद् देवी भागवत कथा व नानी बाई का मायरा नृत्य नाटिका की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। देवी भागवत कथा के छठे दिन महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने भक्तों को मां भगवती के प्रति अनन्य भाव रखने का आह्वान किया। उन्होंने समझाया कि अनन्य भाव से तात्पर्य यह है कि मां भगवती से अन्य कुछ नहीं है। जो भी है वह केवल मां भगवती ही हैं। उन्होंने कहा कि अनन्य भाव से भक्ति करने वाले भक्तों पर मां भगवती की असीम कृपा बरसती है।

### चेक बाउंस व चोरी मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** बास थाना पुलिस ने चोरी मामले में आरोपी भाटला निवासी ओमप्रकाश व अनाज मंडी पुलिस चौकी पुलिस ने चेक बाउंस मामले में ढाणी कुतुबपुर निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही प्रदीप ने बताया कि पकड़े आरोपी को अदालत द्वारा चोरी मामले में उद्घघोषित अपराधी घोषित किया गया था। अनाज मंडी पुलिस चौकी में तैनात मुख्य सिपाही सुमेर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत द्वारा चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित अपराधी करार दिया हुआ था।

### पुलिस ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर टेप

**हांसी।** सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने, सड़क हादसों पर रोकथाम और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हांसी पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैफिक एसएचओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर दोपहिया एवं चौपहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए। रिफ्लेक्टर टेप अंधेरे में वाहनों को दूर से ही स्पष्ट रूप से दिखाई देने योग्य बनाते हैं। ये टेप रात के समय पीछे से आने वाले वाहनों को संकेत देते हैं, जिससे उनके दो पहिया वाहन से टकराव की संभावना कम होती है।

### छात्राओं ने सालासर धाम का किया भ्रमण

**बरवाला।** मॉडल टाउन बरवाला स्थित दयानंद पब्लिक स्कूल व सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजली की छात्राओं ने सयुक्त रूप से सालासर धाम का एक दिवसीय भ्रमण किया। स्कूल मैनेजर संदीप भनवाला ने बताया कि छात्राओं ने सालासर धाम में अंजली माता, बाला जी महाराज व दो जानटी धाम मंदिर में बाबा के दर्शन कर खुशी जाहिर की।

---

जिले में चलाया जनजागरुकता अभियान

# डेंगू की रोकथाम के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला में डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और सक्रिय है। उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशासन ने एक व्यापक अभियान शुरू किया है जिसमें डेंगू से बचाव के उपायों और जन जागरूकता की जा रही है।

प्रशासन द्वारा शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मच्छरों के प्रजनन और प्रसार को रोकने के लिए नियमित रूप से फॉगिंग करवाई जा रही है। यह कदम मच्छरों की आबादी को नियंत्रित करने और डेंगू के खतरे को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं, प्रशासन जागरूकता फैलाने के लिए गांवों में मुनादी करवाकर आम जनता को डेंगू बीमारी से बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने जिलावासियों से अपील की कि डेंगू से बचाव के लिए बताए गए उपायों की सख्ती से पालना करें। उन्होंने लोगों से अपने घरों और आस-पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने देने और स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया है, क्योंकि ठहरे हुए पानी में ही डेंगू के मच्छर पनपते हैं।



सिरसा। डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## दूषित पानी के ओवरफ्लो से बीमारियों का खतरा

**कालांवाली।** ओढ़ा कैंचियां से गांव कालांवाली में कंडा फैक्ट्री की ओर जाने वाले रास्ते पर दूषित पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले की साफ सफाई नहीं होने से दूषित पानी ओवरफलो होने से सडक़ पर जलभराव रहने से जहां वातावरण दूषित हो रहा है वहीं इससे डेंगू जैसी भयानक बीमारियां फैलने का भय बना हुआ है। प्रशासन की ओर से दूषित पानी की निकासी के लिए लाखों रुपये की राशि से नाले का निर्माण करवाया गया था परंतु सफाई व्यवस्था के अभाव के कारण दूषित पानी ओवरफ्लो हो जाता है ओर सडक पर जलभराव होता है जिससे जहां आमजन को परेशानी का सामना करना पड रहा है वहीं वातावरण दूषित होने से आस पास के लोगों को दिक्कत पेश आती है ओर इससे संक्रामक बीमारियों को बढावा मिल रहा है। इस सबंध में काला सिह, सुरेश कुमार, राजू, भोला, बिंदर सिंह, जगसीर सिंह आदि ने बताया कि सरकार द्वारा डेंगू से बचाव के लिए सर्वे किया जा रहा है। लेकि दूषित पानी जमा नहीं रहने को लेकर जागरूक किया जा रहा है परंतु प्रशासन द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। यदि इस क्षेत्र में डेंगू आदि बीमारी का ज्यादा प्रभाव फैल गया तो

उसके बाद विभाग हरकत में आएगा। ग्रामीणों ने बताया कि सडक़ पर दूषित पानी के जलभराव के कारण सडक़ भी टूटने लगी है। इसके अलावा उक्त रोड पर गुरूद्वारा साहिब भी स्थित होने के कारण श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त रोड पर हो रहे दूषित पानी के जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान करवाया जाए।

---



सिरसा। रागी जत्था गुरुवाणी का पाठ करता। फोटो : हरिभूमि

31 अक्टूबर को रखे गए श्री अखंड पाठ का भोग डाला

# ओढां में धूमधाम से मनाया भक्त नामदेव का प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

संत शिरोमणि बाबा नामदेव का 755वां प्रकाश पर्व मनाते हुए गांव ओढां के बाबा नामदेव भवन में समस्त छींपा समाज व गांववासियों के सहयोग पूरी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। 31 अक्टूबर को रखे गए श्री अखंड पाठ का भोग डाला गया। इस अवसर बाबा अमृतपाल सिंह रागी ने भक्त नामदेव का इतिहास सुनाकर संगतों को निहाल किया। उन्होंने बताया कि भक्त नामदेव जी का जन्म 26 अक्टूबर 1270 में महाराष्ट्र के सतारा जिले में कृष्णा नदी के किनारे बसे नरसीबामणी नामक गांव में एक शिंपी जिसे छीपा भी कहते है के परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम दामाशेट और माता का नाम गोणाई देवी था। इनका परिवार भगवान वि_ल का परम भक्त था। उस समय बड़े घराने छोटे समाज के साथ बहुत ही भेद भाव रखते थे। उनका कहना था कि छोटी जाति के लोग ईश्वर भक्ति नहीं कर सकते और मंदिरों में नहीं जा सकते। भक्त नामदेव जी ने विष्णु भगवान की पूजा बि_ल भगवान के रूप में की। भगवान ने भक्त नामदेव जी को 72 बार साक्षात दर्शन दिए। एक बार मंदिर के पंडितों ने नामदेव जी को नीची जाति का कहकर मंदिर में जाने से रोक दिया, तब वे मंदिर के पिछले तरफ जाकर बैठ गए और ईश्वर भक्ति में लीन हो गए तो बि_ल भगवान ने मंदिर का द्वार पिछली तरफ घूमा दिया यह मंदिर महाराष्ट्र में आज भी है। भक्त नामदेव जी ने समस्त जनता को प्रभु-भक्ति का पाठ पढ़ाया। इन्होंने मराठी के साथ ही साथ हिन्दी में भी रचनाएं लिखीं। इन्होंने अठारह वर्षो तक पंजाब में भगवान नाम का प्रचार किया। इनकी 61 रचनाएं सिक्खों के धार्मिक ग्रंथ में रचित हैं। मुखबानी नामक पुस्तक में इनकी रचनाएं संग्रहित हैं। आज भी इनके रचित गीत पूरे महाराष्ट्र में भक्ति और प्रेम के साथ गाए जाते हैं। ये 3 जुलाई 1350 को समाधि में लीन हो गए। भाई अमृतपाल सिंह ने हरि जस कीर्तन द्वारा मैं आंधले की टेक, तेरा नाम खुंदकारा शब्द सुनाकर पहुंची हुई साध संगत को निहाल किया।

### हरियाणा लेबल खेल चुकी ओढ़ां की बेटी हरमन को सिरोपा पहना कर सम्मानित किया

भोग के उपरांत हरियाणा लेबल खेल चुकी ओढ़ां की बेटी हरमन को सिरोपा पहना कर सम्मानित किया गया और बाहर से पधारे सभी गणमान्य व्यक्तियों को गुरु की दात सिरोपे पहनाए गए। इस अवसर पर सरपंच के पिता रणधीर सिंह नंबरदार, सरपंच प्रतिनिधि सुखपाल सिंह, बूटा सिंह हेबुआना, संतोख सिंह पाना, पवन गर्ग, लखवीर सिंह नंबरदार, हीरा कुंडर, मनजीत सिंह, भिंदर सिंह मान, सुखराज कुंडर, सिरसा और कालांवाली से नामदेव कमेटी सदस्य, ओढ़ां नामदेव समाज के सभी पुरुष, महिलाओं सहित काफी संख्या में गांववासी उपस्थित रहे।

---

आज निकाली जाएगी विशाल रथ यात्रा

# मेहंदी रस्म के साथ शुरू हुआ दो दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव



सिरसा। श्री श्याम जन्मोत्सव पर मेहंदी लगाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से दो दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव का रविवार को श्याम बाबा की मेहंदी रस्म के साथ आरंभ हुआ। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि बाबा के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बगीची धाम परिसर को भव्य रुप से सजाया गया। बगीची परिसर में बिजली चलित रंग बिरंगी लड़िया लगाई गई और पंजाब से आए हुए कलाकारों द्वारा विशेष रुप से मंगाए गए फूलों से बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। श्री श्याम जन्मोत्सव को लेकर श्याम बगीची परिवार में खासा उत्साह देखा गया। श्री श्याम जन्मोत्सव के तहत देवउठनी एकादशी पर रविवार शाम को छह बजे सभी महिला श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के नाम की मेहंदी हाथों पर रचाई। इस दौरान बहनों ने बाबा श्याम के भजन भी गाए। उहोंने बताया कि सभी को बाबा श्याम की रसोई का प्रसाद वितरित किया गया। रात को ठीक 12 बजे बाबा श्याम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में केक काटा गया और भव्य आतिशबाजी की गई। उन्होंने बताया कि सोमवार को दोपहर सवा एक बजे बाबा श्याम की विशाल रथ यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें 1100 से अधिक निशान लेकर महिला एवं परुष श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल होंगे। शोभायात्रा में बाबा नगर भ्रमण कर शाम को बगीची परिसर में लौटेंगे। इसके बाद रात को भव्य जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर नाकाम : चौटाला

**हिसार।** राज्य के पूर्व उप मुख्यमन्त्री दुष्यंत चौटाला ने नारनौंद, हांसी हिसार, नलवा व उकलाना में कई सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला किसानों से मिले। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश में किसान अपनी फसल धान, मूंग बाजरा बेचने के लिए दर दर की ठोकरें खा रहें हैं।

सरकार की नाकामी की वजह से मंडियों के अन्दर फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी हैं। एमएसपी के नाम पर केवल झूठा दिखावा किया जा रहा है। अकेले करनाल जिले में 100 करोड़ से ऊपर का धान घोटाला सरकार की आखों के सामने हुआ है। मदनहेड़ी गांव में रूस की फौज में तैनात सोनू श्योराण के निधन पर शोक जताने पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत ने कहा कि आज रोजगार न होने की वजह से युवा देश से पलायन कर रहे है, जो की चिंता का विषय है।

## होम्योपैथिक शिविर में की 300 रोगियों की जांच



सिरसा। शिविर में मरीज की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

**कालांवाली।** भारत विकास परिषद शाखा कालांवाली द्वारा वाटर वर्कस रोड पर स्थित आचार्य श्री तुलसी महाप्रज्ञ होम्योपैथिक अस्पताल में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व निशुल्क होम्योपैथिक शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ आशीष गुप्ता व डॉ. स्वाति गर्ग ने रोगियों की जांच की। शिविर में शूगर, ब्लड प्रेशर, सरवाईकल, गठिया, जोड़ों का दर्द, एर्लजी, मोटापा, बाल रोग आदि रोगों से पीडित 300 रोगियों की निशुल्क जांच करके होम्योपैथिक दवाईयां निशुल्क वितरित की गई। इसके अलावा डेंगू से बचाव के लिए इमूनिटी बढाने के लिए दवाई पिलाई गई जोकि अस्पताल में प्रति दिन पिलाई जाती है। शिविर के संयोजक डॉ मुनीश गुप्ता व हीरा सिंह अरनेजा ने बताया कि परिषद् द्वारा शीघ्र ही अपंग- विकलांग चैकअप व आप्रेशन शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष दिनेश गर्ग जैन, अध्यक्ष अजय गर्ग, डॉ मुनीश गुप्ता, सतीश राजपाल, हीरा सिंह अरनेजा, अमृत पाल बांसल, देवा कीर्ती गर्ग, रजनी जिंदल, सीमा वर्मा, सरंक्षक मोहन लाल बांसल, तेजपाल शर्मा, सुशील गोयल, पूर्ण नागर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

# गुरु नानक ने ध्यान, प्रेम, अहिंसा व अमन के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया : स्वामी संजय



हिसार। हिसार स्थित ओशो ध्यान उपवन में इक ओंकार सतनाम शिविर में हिस्सा लेते साधक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

इक ओंकार सतनाम मेडिटेशन कैंप में गुरु नानक जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर गुरु नानक की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी किया गया। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में आयोजित किए गए दो दिवसीय इक ओंकार सतनाम ध्यान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से साधकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस शिविर का संचालन स्वामी सच्चिदानंद ने किया और स्वामी संजय ने गुरु नानक की बाणी से रूबरू करवाया।मेडिटेशन कैंप के आयोजक स्वामी संजय ने साधकों को कहा कि गुरु नानक ने हमेशा ध्यान, प्रेम, अहिंसा व अमन के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया।

'अपने नेता को जानिए' कार्यक्रम में छात्रा ने दी प्रस्तुति

# लुवास की छात्रा महिमा ने संसद भवन में किया हरियाणा का किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

संसद भवन के ऐतिहासिक केन्द्रीय कक्ष में 'अपने नेता को जानिए- राष्ट्रीय नेताओं की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने में देश के युवाओं की भागीदारी' विषय पर राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों का चयन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर हिसार के लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की तृतीय वर्ष की बीवीएससी एवं एएच छात्रा महिमा को हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ। महिमा को इस अवसर की जानकारी डॉ. दीपिका के माध्यम से प्राप्त हुई, जिन्होंने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और विचारों पर आधारित ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी की सूचना साझा की थी।



हिसार। कार्यक्रम में भाग लेने वाली लुवास की छात्रा अन्य अतिथियों के साथ।

---

### तीन दिवसीय 31वां अखंड पाठ आज से

**हिसार।** सतगुरु प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में जगतगुरु आचार्य श्री गरीबदास महाराज की वाणी का 31वां अखंड पाठ 3 नवंबर को 10:15 बजे पाठ प्रकाश के साथ कबीर सत्संग भवन महाबीर कालोनी गली नं. 35 महात्मा ज्योतिबा फूले मार्ग में होगा। कबीर सत्संग भवन के संस्थापक एवं संचालक संत शिवदास ने बताया कि 4 नवंबर को 10:15 बजे मध्य का भोग व सायंकाल संध्या आरती व सत्संग प्रवचन होगा। 5 नवंबर को 10:15 मिनट पर अखंड पाठ की पूर्णाहूति भोग होगा इसके साथ ही प्रवचन, सत्संग व भंडारा आयोजित किया जाएगा। संत शिव दास ने सभी धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया कि वे सत्संग, प्रवचन व गरीबदास जी महाराज की वाणी का लाभ उठाएं।

समाज मिलन समारोह एवं हवन का आयोजन

# संत नामदेव को भगवान ने 72 बार दर्शन दिए : चोटिया

अनेक श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर प्रसाद ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

हाउसिंग बोर्ड स्थित संत नामदेव मंदिर में संत नामदेव जयंती देवउठनी एकादशी पर समाज मिलन समारोह एवं हवन का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में अनेक श्रद्धालुओं ने आहुति डाली तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पंडित सुरेंद्र चोटिया ने कहा कि संत नामदेव महान संत थे तथा भगवान ने उनकी भक्ति से खुश होकर 72 बार दर्शन दिए। उन्होंने उनकी महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार संत नामदेव जी दर्जी जाति से होने के चलते उन्हें मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया गया जिस पर वे निराश नहीं हुए तथा उनकी सत्संग मंडली ने मंदिर के बाहर डेरा डाल दिया तथा रात भर सत्संग किया। इस पर भगवान ने उनकी भक्ति भावना देखकर मंदिर का मुख द्वार ही उनकी सत्संग मंडली के सामने कर दिया। यही नहीं उन्होंने एक बार मृत गाय को जिंदा करके दिखाया। सुरेंद्र चोटिया ने कहा कि संत नामदेव ने पूरे देश में घूम कर बिना किसी भेदभाव के लोगों को बुराइयों से दूर रहकर मेहनत की कमाई करने एवं आपसी भाइचारे से मिलजुल कर रहने का संदेश दिया। सुरेंद्र चोटिया ने कहा कि संत नामदेव की महिमा का वर्णन चौपाइयों के माध्यम से गुरु ग्रंथ साहिब में भी किया गया है। संत नामदेव ने अपना अंतिम समय पंजाब के घुमान में आश्रम बनाकर बिताया जहां उनकी आज भी समाधि बनी हुई है।



आदमपुर। संत नामदेव मंदिर में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते हैं श्रद्धालु।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रधान गोलू राम मिस्त्री, धर्मशाला प्रधान राजाराम पवार, सचिव पृथ्वी रेंजर, रामनिवास काबरेल, रामकुमार सीसवाल, देवेंद्र राधेश्याम खैरमपुर, विनोद कुमार, रामचंद्र भोडिया, प्राण सिह, देवीलाल सहित कई मोजूद रहे।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित 'हमारा प्यार–हिसार' की टीम। फोटो : हरिभूमि

### पीएलए की दीवार को फिर से नया रूप दिया

हिसार। 'हमारा प्यार–हिसार' की टीम ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान रविवार को दीवार पर पेंटिंग का कार्य किया गया, जहां पहले पक्षियों, तितलियों, मछलियों और फूलों की सुंदर आकृतियां बनाई गई थीं, जो भारी बारिश के कारण फीकी पड़ गई थीं। इस अभियान में ओलम्पियन बॉक्सर जयभगवान ने भी भाग लिया। आने वाले कुछ सप्ताहों में इस दीवार को और आकर्षक व रंगीन रूप देने का अभियान जारी रहेगा। अभियान में सुशील खरींटा, डॉ. सुरेंद्र गर्ग, प्रो. हरीश भाटिया, डॉ. राज वर्मा, राजेंद्र गहलोत, डॉ. बीबी बांगा, अदेश मलिक, कमल भाटिया, मूलचंद खत्री, मंजूला खत्री, गगन मेहता, मंदीप कुंडु, मंदीप पूनिया, जितेंद्र बंसल, रमेश वर्मा, संजय मारवाड़ी, दिनेश बंसल, राजन वर्मा, युद्धवीर पानू, अशोक गहलोत, विक्की रौतेला, अमित गर्ग, प्रवीण मित्तल, रश्मि मेहता, ममता छाबड़ा, ममता भाटी, दिव्या गुप्ता, एलिना मेहता, पूजा यादव, ईशा बिष्ट, गोविंद मधु, पूर्वी बंसल, इप्सिता, रिमझा आदि शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



सिरसा। हवन यज्ञ में आहुति डालते लोग।

### नकारात्मकता को मिटाता है यज्ञ : भारती

**सिरसा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा हवन यज्ञ का विशेष आयोजन किया गया। भक्तों ने अपने विकारों रूपी आहुति को इस महायज्ञ में डालकर स्वाहा किया और सकारात्मक ऊर्जा को ग्रहण किया। साध्वी संतोष भारती ने कहा यज्ञ भारत की सांस्कृतिक धरोहर है। इस धरोहर को समाज में संजोय रखने और जन-जन तक पहुंचाने के लिए दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के द्वारा समय-समय पर यज्ञ पूजन किए जाते हैं। एक ब्रह्मज्ञानी शिष्य द्वारा किया गया यज्ञ सार्थक माना जाता है। यज्ञ शब्द यज से लिया गया है, जिसका अर्थ है एकजुट होना और पूजा करना है। हमारे वैदिक साहित्य यानी यजुर्वेद में यज्ञ के महत्व का वर्णन किया गया है। इसका उद्देश्य वांछित शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना है और साथ ही, हमें एक ऐसी जीवनशैली सिखाना है, जो उच्च मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देती है। उन्होंने बताया कि यज्ञ अग्नि से पवित्र जो धुआं निकलता है।

### गौरवशाली संस्कृति प्रदेश की विशिष्ट पहचानः धुरिया

**सिरसा।** गांव मोरीवाला स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में हरियाणा दिवस पर विशेष कार्यक्रम के साथ-साथ अभिभावक शिक्षक बैठक भी हुई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या जीना धुरिया ने अभिभावकों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य अपनी वीरता, संस्कृति और परंपराओं के लिए पूरे देश में विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों को हरियाणा के इतिहास और गौरवशाली परंपराओं से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रत्येक आयोजन में भारतीय संस्कृति के प्रति विद्यार्थियों का जुड़ाव हमेशा बना रहता है, इसी कड़ी के अंतर्गत कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हरियाणा की झांकी रही, जिसमें विद्यार्थियों ने हरियाणा की संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य और परंपराओं की सुंदर प्रस्तुतियां दी। अभिभावक शिक्षक बैठक के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति और अनुशासन संबंधी जानकारी दी।

## नशा मुक्ति टीम की पहल : पुलिस ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया

# मानकपुर व तामसपुरा में नशा पीड़ितों की काउंसलिंग कर दवाएं वितरित की

*नशा पीड़ितों को भावनात्मक सहयोग देने का का भी टीम ने आह्वान किया*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

जिलेभर में चल रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति अभियान के तहत नशे के खिलाफ जन-जागरूकता और पीड़ित पुनर्वास की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने गांव मानकपुर और तामसपुरा का दौरा कर नशा प्रभावित लोगों के हालातों की जानकारी ली तथा उन्हें नशे से पूर्णतः मुक्त होने के लिए प्रेरित किया। टीम ने मौके पर उपस्थित 6 पूर्व चिन्हित एवं 5 नव चिन्हित नशा पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी काउंसलिंग की। विशेषज्ञों की सहायता से सभी को मानसिक, सामाजिक और चिकित्सकीय दृष्टि से नशे से बाहर आने के उपाय समझाए गए।

काउंसलिंग उपरांत सभी पीड़ितों को आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक दवाएं प्रदान की गईं ताकि वे शारीरिक रूप से भी स्वस्थ हो सकें। टीम ने परिजनों को भी समझाया कि वे नशा पीड़ितों को भावनात्मक सहयोग दें और उनके पुनर्वास में सक्रिय भूमिका निभाएं।



फतेहाबाद। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करते एसआई सुंदर।

इसके अतिरिक्त, नशा मुक्ति टीम ने अनाज मंडी तामसपुरा में मजदूरों, किसानों और स्थानीय युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। लोगों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति की सेहत को बल्कि परिवार और समाज की शांति को भी नष्ट कर देता है। उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और संकल्प लिया कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहेंगे तथा दूसरों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करेंगे। एसआई सुंदर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार जिलेभर में 'ऑपरेशन जीवन ज्योति' अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति टीम निरंतर गांव-गांव जाकर नशा पीड़ितों की पहचान, उपचार एवं पुनर्वास का कार्य कर रही है। यह अभियान नशे से प्रभावित लोगों को मुख्यधारा में वापस लाने और युवाओं को नशे के दलदल में फंसने से बचाने का एक सार्थक प्रयास है।

### नशे के सौदागरों के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान, खोजी कुत्तों के साथ पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

**फतेहाबाद।** ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत रतिया पुलिस ने एक बार फिर नशे के सौदागरों पर बड़ा प्रहार किया है। डीएसपी रतिया नर सिंह के नेतृत्व में रविवार तड़के पुलिस ने शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वान डॉग स्क्वाड, स्वेत टीम और कमांडो दस्ते के साथ मिलकर सघन चेकिंग अभियान चलाया। सुबह से ही पुलिस का पूरा अमला सक्रिय नजर आया। मुख्य चौक, बस स्टैंड, बाईपास सहित संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने संदिग्ध वाहनों, राहगीरों और ठिकानों की गहन तलाशी ली। डॉग जैक और रैम्बो की पैनी सूंघ और कमांडो दस्ते की त्वरित कार्रवाई से नशा तस्करों में हडक़ंप मच गया। कई जगहों पर पुलिस की कड़ी चेकिंग से लोगों में जागरूकता और सुरक्षा का संदेश गया।



रतिया। नशा के सौदागरों की धरपकड़ को लेकर सर्च अभियान चलाते पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

एसपी सिद्धांत जैन आईपीएस ने अभियान की निगरानी करते हुए कहा कि नशा तस्करों और नशे के सौदागरों के लिए अब फतेहाबाद जिले में कोई जगह नहीं बची है। ऐसे अपराधियों के लिए केवल एक ही ठिकाना है,जेल की सलाखें। हमारा लक्ष्य है समाज को नशे की जकड़ से मुक्त कर युवाओं का भविष्य सुरक्षित बनाना। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत पुलिस द्वारा लगातार नशा-विरोधी मुहिम, जन-जागरूकता अभियान और गुप्त सूचना नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। जैन ने बताया कि पुलिस की ये कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। किसी भी कीमत पर नशा कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि यदि किसी को नशे के कारोबार या सेवन से जुड़ी कोई भी सूचना मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।



सिरसा। चिकित्सकों के साथ बैठक करते एसपी दीपक सहारण।

### नशे के खिलाफ मुहिम में डाक्टरों का सहयोग जरूरीः एसपी

■ एसपी दीपक सहारण ने डॉक्टरों के साथ की बैठक

**सिरसा।** सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने रविवार को डॉक्टरों के साथ बैठक की और कहा कि सिरसा पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम में अहम योगदान दें, ताकि एक सभ्य समाज की संरचना की जा सके। उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर चिंता का विषय है, इसलिए हम सबको एक साथ मिलकर इस लड़ाई से लडना होगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे से पीड़ित युवाओं को नशा छुड़ाने के लिए आपका सहयोग अति आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने सिरसा के सभी निजी व सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे ओपीडी पर्चियों, लैब रिपोर्टों और दवाओं के प्रिस्क्रिप्शन पर अपने हस्ताक्षर, नाम, पदनाम और पंजीकृत संख्या अवश्य अंकित करें। इसके अलावा प्रिस्क्रिप्शन स्लिप पर दवाइयां लिखते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें की मरीज को दवाई कितने दिन लेनी है, इसके लिए तिथि लिखे मरीज लंबे समय तक दवाएं न खरीदे।

## बीजेपी भिरड़ाना मंडल में ओबीसी मोर्चा की बैठक का आयोजन

*आत्मनिर्भर भारत अभियान का प्रचार-प्रसार करने का किया आह्वान*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

भिरड़ाना मण्डल के हरिपुरा शक्ति केंद्र पर भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यवक्ता के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष बलदेव सैनी उपस्थित रहे। मण्डल अध्यक्ष संदीप कुमार और ओबीसी मोर्चा मंडलाध्यक्ष डॉ. विजय कम्बोज ने जिलाध्यक्ष बलदेव सैनी का स्वागत किया, वहीं मोहन लाल सैनी व पूर्व मंडलाध्यक्ष हवा सिंह ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। बलदेव सैनी ने कहा कि ओबीसी मोर्चा जिला के मंडल स्तर तक जाकर आत्मनिर्भर भारत अभियान का प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनी दिनचर्या में शामिल करना ही भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सबसे बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और हमें इस लक्ष्य में सहभागी बनना चाहिए। सैनी ने 16 नवम्बर को नारनौल में आयोजित होने वाली भगवान शूरसैनी जयंती में भारी संख्या में पहुंचने का आमंत्रण भी दिया। उन्होंने बताया कि इस जयन्ती महासम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर मोहन लाल सैनी, राजेन्द्र सैनी महामंत्री, भगवान पुनिया, गुरवेज सरपंच, सीता राम सैनी, निहाल सिंह सैनी, संजीव सैनी व अन्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष बलदेव सैनी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## सीआईए टोहाना पुलिस ने दो मामलों में हेरोइन सहित दो युवक को पकड़ा

*पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार किया*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

नशा मुक्ति अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस ने हेरोइन तस्करी के दो अलग-अलग मामलें में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि अपराध जांच शाखा की टीम एसआई सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त व नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु रतिया रोड टोहाना से चंडीगढ़ रोड होते हुए बलियावाला रोड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान मनियाना रोड चौक के नजदीक एक युवक पुलिस गाड़ी को देखकर घबरा गया और भागने लगा। शक होने पर उसे घेरकर काबू किया गया, जिसकी पहचान सन्नी उर्फ परोठा पुत्र रणबीर निवासी वार्ड नं. 1, राज नगर, टोहाना के रूप में हुई। आरोपी की तलाशी के दौरान आरोपी की पैंट की जेब से एक मोमी पन्नी में हेरोइन बरामद हुई, जिसका वजन 10.85 ग्राम पाया गया। बरामद हेरोइन को विधि अनुसार सील कर साक्ष्य के रूप में कब्जे में लिया गया। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दूसरे मामले में अपराध जांच शाखा की टीम पीएसआई अजय के नेतृत्व में गश्त और नशीले पदार्थों की रोकथाम के दौरान रेलवे पुल टोहाना के पास मौजूद थी। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक युवक भाखड़ा नहर के साथ बलियावाला हेड की ओर जाने वाली सडक़, नहर पुल चंडीगढ़ रोड टोहाना पर हेरोइन बेचने के इरादे से खड़ा है। सूचना की पुष्टि होने पर टीम ने मौके पर छापेमारी की और एक युवक को काबू किया। आरोपी की पहचान साहिल उर्फ टेप पुत्र शमशेर सिंह, निवासी वार्ड नं. 1, राज नगर, टोहाना के रूप में हुई। आरोपी की तलाशी के दौरान उसकी लोअर जेब से मोमी पाउच में हेरोइन बरामद हुई, जिसका कुल वजन 9.88 ग्राम था। बरामद हेरोइन को विधि अनुसार सील कर साक्ष्य के तौर पर कब्जे में लिया गया और केस दर्ज किया गया है।

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार, केस



**फतेहाबाद।** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए रतिया पुलिस ने एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 12 बोर का देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल ने बताया कि अपराध जांच शाखा की टीम मुख्य सिपाही दिनेश कुमार के नेतृत्व में अपराध गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए गांव नंगल से ब्राह्मणवाला की ओर गश्त कर रही थी। इसी दौरान गांव लठेरा के पास एक युवक पुलिस गाड़ी को देखकर संदिग्ध अवस्था में भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेरकर काबू किया। पूछताछ में आरोपी की पहचान आशीष उर्फ चतरा पुत्र पाली सिंह निवासी ब्राह्मणवाला के रूप में हुई। आरोपी की तलाशी लेने पर उसकी लोअर की जेब से एक लोडेड 12 बोर देशी पिस्तौल तथा एक अतिरिक्त जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी कोई भी वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सदर रतिया में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सरकार की लापरवाही से हो रहा है युवाओं का पलायन : सैलजा

### सिरसा सांसद ने हालात पर जताई चिंता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा**

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं के लगातार विदेश पलायन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार की लेटलतीफी और अधूरे कानूनों के कारण प्रदेश के युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। सरकारी विभागों में हजारों पद वर्षों से खाली पड़े हैं, लेकिन भर्ती प्रक्रिया या तो अधूरी रह जाती हैं या फिर जानबूझकर टाल दी जाती हैं। सांसद सैलजा ने रविवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश के लाखों शिक्षित युवा रोजगार के अभाव में विदेश जाने को मजबूर हैं। वहीं, विदेशों में विशेषकर अमेरिका में डंकी रूट से गए युवाओं के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है उन्हें हिरासत में लेकर जंजीरों में बांधा जा रहा है और अपमानित करते हुए वापस भेजा जा रहा है। यह न केवल हरियाणा के लिए शर्म की बात है, बल्कि युवाओं के सपनों और परिश्रम का निर्मम अपमान भी है। सांसद ने कहा कि हाल में सामने आए समाचारों से स्पष्ट है कि हरियाणा सरकार ने 2024 में बनाए गए ट्रैवल एजेंट पंजीकरण कानून को अब तक प्रभावी नहीं किया, जिसके कारण फर्जी एजेंटों का जाल फैलता जा रहा है। ये एजेंट भोले भाले युवाओं से लाखों रुपये लेकर उन्हें अवैध रास्तों से विदेश भेजते हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार को तुरंत कदम उठाने चाहिए। सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए, युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और कौशल प्रशिक्षण के अवसर बढ़ाए जाएं, फर्जी एजेंटों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर अवैध रैकेट खत्म किए जाएं और ग्राम पंचायतों और मीडिया के माध्यम से विदेश जाने के खतरों पर जन जागरूकता चलाई जाए। सांसद ने कहा कि युवा 20-25 हजार रुपये मासिक वेतन पर संघर्ष कर रहा है।



### मेहनती है प्रदेश के युवा

सैलजा ने मुख्यमंत्री से मांग की कि प्रदेश के युवाओं की ऊर्जा को विदेश नहीं, हरियाणा के विकास में लगाया जाए। हरियाणा का युवा मेहनती, ईमानदार और प्रतिभावान है। उसे अवसर दीजिए, वह प्रदेश की तस्वीर बदल देगा। लेकिन सरकार की बेरुखी और देरी ने युवाओं को हताश कर दिया है। यह प्रवृत्ति अब रुकनी चाहिए। सरकार को गांव गांव में जागरूकता अभियान चलाना होगा ताकि युवाओं को डंकी रूट के प्रति सचेत किया जा सके, हर जिले में वैध पंजीकृत एजेंटों की संख्या बढ़ाई जाए और निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाए। युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान किए जाए, विदेश जाना ही सफलता वाली धारणा को तोडने के लिए समाज, पंचायतों और मीडिया को जोडना होगा।



सिरसा। श्याम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### श्री श्याम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से दो दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव के तहत भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि बाबा श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर आज भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बाबा श्याम को फूलों से सुसज्जित रथ में विराजमान किया गया। मंदिर के पुजारियों द्वारा ध्वजा पूजन करवाया गया। शोभायात्रा श्याम बगीची से रवाना हुई। शोभायात्रा में 1100 से अधिक निशान हाथों में लिए महिला एवं पुरुष शामिल थे। शोभा यात्रा में अनेक झांकियां भी शामिल थी। श्यामप्रेमी डीजे पर बज रही भजनों की धुनों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा का नगर में जगह-जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन जनकराज शेरपुरा सहित अनेक गणमान्य श्याम बाबा के रथ के साथ चले। शोभा यात्रा अनाज मंडी श्याम बगीची से आरंभ हुई।

## मानव वेलफेयर सेवा समिति ने ली हरियाणा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, 700 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

*100 बच्चों को टॉपर चुनकर कार्यक्रम में सम्मानित किया गया*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना**

मानव वेलफेयर सेवा समिति भूना की ओर से ब्लॉक भूना के गांव सनियाना में हरियाणा जी.के. प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के लगभग 700 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समिति के प्रधान चौधरी सुखविंदर बैंस ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में राज्य से जुड़ी जानकारी को बढ़ावा देना और शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करना उद्देश्य रहा। समिति की ओर से सभी प्रतिभागियों में से 100 बच्चों को टॉपर के रूप में चुना गया। इनमें पहला स्थान गांव सनियाना के गुरमीत पुत्र सुनील कुमार, टैगोर स्कूल, सनियाना ने हासिल किया।



भूना। प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए जिला पार्षद।

गुरमीत को पुरस्कार स्वरूप साइकिल भेंट की गई। दूसरा स्थान गांव ढाणी डूल्ट की तनीषा पुत्री अमित को मिला, जिसे म्यूजिक स्पीकर देकर सम्मानित किया गया। वहीं तीसरा स्थान ढाणी सांचला के निधि पुत्री कृष्ण कुमार को प्राप्त हुआ, जिसे इलेक्ट्रिक चूल्हा देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद वार्ड नंबर 14 के सदस्य एवं समाजसेवी रामनिवास झाझड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के आत्मविश्वास और ज्ञान को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की सरपंच संतोष ने की। उन्होंने समिति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के दौर में शिक्षा के साथ-साथ सामान्य ज्ञान का होना बेहद जरूरी है। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर बैंस, संचालक कोमल चौधरी, उपप्रधान सुदेश कुमार, महासचिव गीता भाखर, सचिव संदीप शादीवाल, कोषाध्यक्ष कौशल्या भूना सहित सभी सदस्यों ने तन, मन और धन से योगदान दिया।समिति के सदस्यों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के शैक्षिक व सामाजिक कार्यक्रमों आयोजित होंगे।

**धर्म-कर्म** धूमधाम से मनाया जाएगा श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस,

# 17 को शहर में प्रवेश करेगी नगर कीर्तन यात्रा, स्वागत की तैयारी

■ नगर कीर्तन यात्रा के स्वागत को लेकर हुई बैठक, डीसी व सीएम के ओएसडी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जा रही नगर कीर्तन यात्रा के फतेहाबाद आगमन को लेकर रविवार को लघु सचिवालय के सभागार में एक बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती और मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह ने अधिकारियों और सामाजिक संगठनों से चर्चा की।



फतेहाबाद। गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक लेते डीसी डॉ. विवेक भारती व सीएम ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह। फोटो : हरिभूमि

बैठक में नगर कीर्तन यात्रा के स्वागत और आयोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रशासन, साध संगत और सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए ताकि यह आयोजन पूर्ण गरिमा, अनुशासन और भव्यता के साथ संपन्न हो सके। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि यह नगर कीर्तन यात्रा जिले के लिए गर्व का अवसर है। जिला प्रशासन इसकी तैयारियों को पूरी गंभीरता और समर्पण के साथ अंजाम दे रहा है। उन्होंने कहा कि 17 नवंबर को दरियापुर से जिला में प्रवेश करने वाली यह यात्रा धर्म, मानवता और भाईचारे का अद्भुत संदेश लेकर आएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर कीर्तन यात्रा के मार्ग पर सभी व्यवस्थाएं पूरी रखें।

### ये रहे मौजूद

बैठक में वीसी से जुड़े भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के सदस्य मुकेश गर्ग, एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम आकाश शर्मा, राजेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीएसपी जगदीश काजला, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सदस्य बीबी अमनप्रीत कौर, मुख्यमंत्री कार्यालय से महेश कुमार, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी महेंद्र वधवा, सुखविंद्र सिंह गिल, हरबंस सेठी, हृदयाल सिंह, अजीत सचदेवा, हैप्पी सेठी, इंकबाल सिंह, गुरनाम सिंह, सविंद्र सिंह, अहरवां प्रबंधन कमेटी के सदस्य सहित संगतजन उपस्थित रहे।

### मानवता के प्रतीक

मुख्यमंत्री ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन और उनका बलिदान पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा धर्म, मानवता और एकता का प्रतीक है, जो गुरुजी के सार्वभौमिक संदेश को हर हृदय तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने संगत और समाज के सभी वर्गों से इस ऐतिहासिक आयोजन में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने बैठक में बताया कि गुरु तेग बहादुर के बलिदान एवं शिक्षा से संबंधित एक लाइट एंड साउंड शो भी होगा।